(vii) Need to lay a new railway line linking Anandnagar rail junction-Maharajgunj and Ghughli Railway Station in Uttar Pradesh

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज, उ.प्र.) : मेरे संसदीय क्षेत्र का जनपद महाराजगंज मुख्यालय रेलमार्ग से जुड़ा न होने के कारण जनता को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। रेल मंत्रालय द्वारा आनन्द नगर जंक्शन से बरास्ता महाराजगंज होते हुए धुंधली रेल स्टेशन तक नई रेल लाइन के निर्माण का सर्वेक्षण किया गया था। इस रेल लाइन के निर्माण से जनपद मुख्यालय तो रेल मार्ग से जुड़ेगा ही साथ ही बिहार की तरफ से आने वाली गाड़ियों को भी एक नया मार्ग-लखनऊ-कानपुर-दिल्ली आदि स्थानों पर जाने को भी मिलेगा।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनहित में जनपद महाराजगंज मुख्यालय को रेलमार्ग से जोड़ा जाना चाहिए तथा इसके लिए आनंदनगर जंक्शन रेल स्टेशन से बरास्ता महाराजगंज होते हुए धुंधली रेलवे स्टेशन तक नई रेल लाईन बिछाने की अनुमति दी जाए।